16122023-Mas-01_Layout 1 12/15/2023 9:34 PM Page 1



हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## नियमों का उल्लंघन

महासमुंद। रबी फसल की तैयारी के लिए प्रतिबंध के बावजूद जिले के किसानों द्वारा पराली जलाना शुरू कर दिया गया है। ग्राम मचेवा में भी खेतों में रखी पराली को जलाया जा रहा है। यह फोटो कलेक्टर कॉलोनी के पीछे की है, जहां पर जिला प्रशासन के तमाम बड़े अफसरों का निवास स्थान है। यहां पर जिला प्रशासन के ठीक सामने पराली जलाई जा रही है, जिससे जली पराली की राख उड़कर आसपास की कॉलोनियों के घरों तक पहुंच रही है। इसके बावजूद जिले में पराली जलाने का एक भी मामला अब तक दर्ज नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जहर सेवन से मौत

महासमुंद। जहर सेवन के बाद इलाज के लिए सरायपाली अस्पताल में भर्ती 42 साल के सेतराम सिदार पिता कमपुटिया निवासी गिधामुड़ा (बसना) की मौत हो गई। मामले में बसना पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### अज्ञात कारण से मौत

महासमुंद। जिला अस्पताल महासमुंद में इलाज के लिए भर्ती संतोष ध्रुव पिता रामसिंग (49 साल) निवासी नयापारा भलेसर महासमुंद की अज्ञात कारण से मौत हो गई। सूचना मिलने पर महासमंद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

महासमुंद। कछारडीह रोड पर बाइक की टक्कर से एक 70 साल के बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने इस मामले को लेकर बताया कि बाइक सीजी 04 पीडी 6280 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए परमेश्वर प्रधान पिता फकीरा को टक्कर मार कर घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग को शासकीय अस्पताल तुमगांव में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से युवक को आई चोट

महासमुंद। बाइक की टक्कर से एक युवक को चोट आई है। तुमगांव पुलिस को प्रार्थी रोमन ध्रुव पिता पृथ्वी सिंह (27) निवासी गिधपुरी बलौदाबाजार ने बताया कि लाल बंगला के पास महासमुंद रोड में बाइक क्रमांक सीजी 04 एनजी 7714 के चालक ने उसकी बाइक सीजी 22 1597 को टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटें आई है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### ट्रक की टक्कर से महिला घायल

महासमुंद। घोड़ारी ओवरब्रिज ढलान के पास एंबुलेंस में बैठी एक महिला को डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे महिला घायल हो गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि माधुरी छात्रे पिता पंथराम (33) निवासी वार्ड 15 महामाया पारा महासमुंद घटनास्थल पर एंबुलेंस में बैठी थी। जिसे डंपर क्रमांक सीजी 04 एनएस 6232 के चालक ने टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### फरार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद फरार हो गए युवक के खिलाफ न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट महासमुंद के आदेश पर सांकरा थाना में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल सेन पिता संतोष सेन (27) निवासी तिल्दा रायपुर को उच्च न्यायालय बिलासपुर के एमसीआरसी नं. 2834/23 के आदेश पर 20 जून 2023 को शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया गया था, किंतु आरोपी ने न्यायालय की शर्तों का उल्लंघन किया। आरोपी के खिलाफ धारा 229 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**योजना : सरकार बदलने के बाद बाद विद्युत विभाग को नए आदेश का इंतजार**

# बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट खपत पर मिल रही छूट, संशय गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को

- योजना से उपभोक्ताओं को मिल रहा है लाभ

चार सौ यूनिट बिजली बिल की खपत करने पर पचास प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसमें खपत के हिसाब से बिल में सीधे पचास प्रतिशत का रिबेट कर बिल जारी किए जा रहे हैं।

योजना लागू होने के बाद जिले के उपभोक्ताओं को करोड़ों रुपए छूट मिल चुकी है। लेकिन, सरकार बदलने के बाद बिजली उपभोक्ता भी असमंजस की स्थिति में हैं। हालांकि अभी तक इस योजना को बंद करने या अन्य किसी तरह का आदेश-निर्देश शासन की ओर से आया नहीं है।



### बंद करने का आदेश नहीं

महासमुंद संभाग के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर का कहना है कि बिजली हाफ योजना को बंद करने का आदेश नहीं आया है। वैसे भी किसी भी योजना को सरकार इतनी जल्दी बंद नहीं करती है। इसके लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। संभाग में अब तक कितने उपभोक्ताओं को बिजली हाफ योजना का लाभ मिल पाया है। अभी इस संबंध में बता पाना मुश्किल है।

कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने पर बिजली उपभोक्ताओं को चार सौ यूनिट तक बिजली बिल में पचास प्रतिशत छूट देने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने एक अप्रैल 2019 से बिजली बिल हाफ योजना को लागू कर दिया। इसके बाद से उपभोक्ताओं को चार सौ यूनिट तक की खपत में बिजली बिल में सीधे पचास प्रतिशत की छूट मिल रही है।

इसका जिले के दोनों डिवीजन के उपभोक्ता जमकर लाभ उठा रहे है। पिछले साल 2022-23 में करीब दो लाख 15 हजार उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना में करोड़ों रुपए की छूट मिल चुकी है।

### कितनी छूट मिली, इसका विवरण बिजली बिल में

उपभोक्ताओं को दी जाने वाली बिजली बिल में अब तक कितनी छूट मिली उसका उल्लेख रहता है। बीते 2019 से योजना लागू है। तब से मिल रही छूट का विवरण दिया रहता है। बिजली बिल हॉफ योजना लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को प्रतिमाह पांच सौ रुपए से एक हजार रुपए तक का छूट का लाभ मिल रहा है। इस योजना में 400 यूनिट तक खपत करने वालों को ही छूट मिलती है। याने इसमें गरीब, मध्यम वर्गीय परिवारों को ही ज्यादा फायदा होने की बात कही जा रही है।

### बंद तो करना पड़ेगा सॉफ्टवेयर अपडेट

यदि हाफ बिजली बिल योजना बंद किया जाएगा तो सबसे पहले साफ्टवेयर में सुधार करना पड़ेगा। चूंकि अभी शहरी एरिया में स्पॉट बिलिंग हो रही है। इसमें यदि 400 यूनिट तक बिजली खपत होती है 50 फीसदी राशि छूट मिलती है। याने केवल दो सौ यूनिट खपत का बिल ही उपभोक्ता को देना पड़ता है। प्रदेश में नवगठित भाजपा सरकार द्वारा उसको बंद करने पर सभी उपभोक्ताओं को वर्तमान बिल से दो गुना बिल का भुगतान करना पड़ेगा।

# गुरु घासीदास बाबा की संदेश यात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मनखे-मनखे एक बरोबर के विचार देने वाले गुरु घासीदास बाबा के 267वीं जयंती पर उनके विचारों को जन जन तक प्रचार प्रसार करने के लिए सतनामी समाज महासमुंद द्वारा सामाजिक संगठनों, अधिकारी कर्मचारी व समाजजनों के सहयोग से गुरु घासीदास बाबा के संदेश यात्रा का आयोजन आज किया जा रहा है। आयोजन समिति के प्रमुख त्रिभुवन महिलांग, हीरा बंजारे, अजय कुर्रे, हीरा जोगी, विजय बंजारे, महेंद्र कोसरिया, राजकुमार सोनवानी, दिनेश बंजारे, रेखराज बघेल ने बताया कि जिला स्तरीय शोभा यात्रा में गांव-गांव से समाजजन सतनाम भवन ढीढी नगर में उपस्थित होकर सात ध्वजवाहक साधु संतों की अगुवाई में पंथी नृत्य दल, सतनाम अखाड़ा दल के साथ नगर भ्रमण करते हुए बाबा के संदेशों का प्रचार प्रसार करते हुए शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में पहुंचेगी।

### बाबा के संदेशों का प्रचार-प्रसार आज सेः त्रिभुवन



आयोजन समिति के प्रमुख व पूर्व नपा उपाध्यक्ष महासमुंद त्रिभुवन महिलांग ने जानकारी देते हुए बताया कि संदेश यात्रा शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में पहुंचेगी। जहां शाम को चार बजे मंचीय कार्यक्रम में सर्व समाज के जिलाध्यक्षों को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# अत्यधिक ब्याज मांगे जाने से त्रस्त महिला ने की कर्ज एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

## पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर न्याय की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अपनी स्वामित्व की भूमि को गिरवी रख उठाए गए कर्ज के बदले भारी भरकम ब्याज मांगे जाने से व्यथित महिला ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर गिरवी कर्ता के खिलाफ कर्ज एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। उक्त पीड़ित महिला द्वारा पूर्व में 3 लाख 50 हजार रुपए दे भी चुकी है और ब्याज के नाम पर 6 लाख रुपए और देने के लिए चेक जारी कर चुकी है। इसके बावजूद, गिरवी कर्ता द्वारा 10 फीसदी से ज्यादा के हिसाब से 20 लाख रुपए की और मांग की जा रही है, जिसके संबंध में पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई गई है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए आवेदन में यशोदा चौधरी पति स्व० टीकाराम चौधरी ग्राम मुढीपार तहसील पिथौरा ने बताया कि 24 मई 2022 को सुधा अग्रवाल पति संदीप अग्रवाल निवासी बागबाहरा रोड पिथौरा से ग्राम मुढीपार स्थित खसरा नं 354/1 एवं 355/1 रकबा 0.401 हेक्टेयर के गिरवी रखने के एवज में 35 लाख रुपए लिया गया था तथा सुधा अग्रवाल द्वारा पैसा वापस करने पर जमीन की रजिस्ट्री पुनः नाम करने का इकरार नामा किया गया। उनके द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को 35 लाख रुपए वापस कर दिया गया, जिसका इकरार नामा भी सुधा अग्रवाल ने किया है और अभिवचन भी दिया है कि जमीन की रजिस्ट्री फिर से उनके नाम कर दिया जाएगा। लेकिन, एक माह बीतने के बाद भी उनके द्वारा न्यायालय महासमुन्द में आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। यशोदा चौधरी ने आगे बताया कि बीते 14 नवंबर को उनके घर गई तो सुधा अग्रवाल द्वारा 20 लाख रुपए की और मांग की जा रही है। साथ ही धमकी दी गई कि जमीन उसके नाम पर है, जिसे वह हड़प लेगी।

### 6 लाख और देने को तैयार फिर भी राजी नहीं

बीते 12 दिसंबर को ब्याज के नाम पर 6 लाख रुपए चेक न्यायालय में दिया जाना तय हुआ था। लेकिन, वह एक बार फिर से मुकर गई और ब्याज के तौर पर 14 लाख रुपए की और मांग की गई। इस तरह पूर्व में दिए गए 3 लाख 50 हजार रुपए, अब 6 लाख रुपए और उनके द्वारा 14 लाख रुपए की और मांग की जा रही है, जो कि ब्याज के तौर पर कुल 23 लाख 50 रुपए की राशि होती है। पीड़िता ने ज्ञापन में बताया कि उसके पास साहूकारी का लाईसेंस भी नहीं है। फिर भी अनुचित ब्याज की मांग की जा रही है, जिससे वह त्रस्त हो चुकी है।


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक।**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) मे चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923


# खरमास शुरू, सूर्य देव रहेंगे गुरु की सेवा में, माहभर नहीं होंगे मांगलिक कार्य

महासमुंद। एक ओर माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए अगहन मास की वृहस्पति को महिलाओं द्वारा व्रत रखा जा रहा है। वहीं, अगहन मास का प्रथम पखवाड़ा बीतने के साथ ही खरमास भी शुरू हो रहा है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे। ऐसी मान्यता है कि सूर्य देव इस दौरान अपनी गुरु की सेवा में रहते हैं और इसका प्रभाव कम होने के कारण गुरु ग्रह भी कमजोर हो जाता है। इसलिए, इस दौरान किए गए मांगलिक कार्य फलित नहीं होता है।

हिंदू पंचांग के अनुसार 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो रहा है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे। 16 दिसंबर की सुबह सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही ये माह शुरू होगा और अगले महीने 15 जनवरी तक रहेगा। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा। पंडित अरकित दास के अनुसार धनु राशि का स्वामी गुरु ग्रह है। देवगुरु वृहस्पति सूर्यदेव के भी गुरु हैं। उनकी राशि में सूर्य का प्रवेश होने का धार्मिक अर्थ यह है, कि सूर्य अब एक माह अपने गुरु की सेवा में रहेंगे। किसी भी मांगलिक कर्म के लिए सूर्य, चंद्रमा और वृहस्पति की शुभ स्थिति यानी बल देखा जाता है। सूर्य की अनुपस्थिति में शुभ कार्य संभव नहीं होगा, इसलिए खरमास में मांगलिक कार्य बंद रहेंगे।

### खरमास के नियम

धार्मिक मान्यता के अनुसार खरमास के महीने में पूजा-पाठ, तीर्थ यात्रा, मंत्र जाप, भागवत गीता, रामायण पाठ और विष्णु भगवान की पूजा करना शुभ माना गया है। खरमास के दौरान दान, पुण्य, जप, और भगवान का ध्यान लगाने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इस मास में भगवान शिव की आराधना करने से कष्टों का निवारण होता है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि से निवृत होकर तांबे के लोटे में जल, रोली या लाल चंदन, शहद लाल पुष्प डालकर सूर्यदेव को अर्घ्य दें। इस महीने में सूर्यदेव को अर्घ्य देना बहुत फलदाई है।

### क्यों नहीं होते मांगलिक कार्य

शास्त्रों के अनुसार सूर्य जब वृहस्पति की राशि धनु और मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तो इस दौरान वह अपने गुरु की सेवा में रहते हैं। ऐसे में सूर्य का प्रभाव कम हो जाता है, साथ ही सूर्य की वजह से गुरु ग्रह का बल भी कमजोर होता है। शुभ कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण होने इन दोनों ग्रहों का मजबूत होना जरूरी है। यही वजह है कि इस दौराण मांगलिक कार्य फलित नहीं होते, इसलिए इसे अशुभ मास माना गया है।

# राष्ट्रीय हेंडबाल स्पर्धा में शैलराज का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



हैंडबाल राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार में वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र शैलराज साहू पिता दिग्विजय साहू का चयन 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हैंडबाल बालक 14 वर्ष में हुआ है। उक्त प्रतियोगिता दिल्ली में 16 से 21 दिसंबर तक आयोजित होगी। चयन पर शाला के प्राचार्य रेव्ह फादर देवानंद बाघ एवं शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 4 लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा और खल्लारी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 4 लोगों पर कार्रवाई की है। पटेवा पुलिस ने सरेकेल चौक पटेवा में हरदीप दास वैष्णव पिता मंत्री दास बैष्णव (32 साल) निवासी सरकेल पर कार्रवाई की है। वहीं खल्लारी पुलिस ने लक्ष्मण पिता मिलउ गोड़ निवासी बीकेबाहरा, बाबूलाल गोंड़ पिता कालीराम (52 साल) निवासी सागरपारा बीकेबाहरा और श्यामु गोंड़ पिता दयाराम निवासी सागरपारा बीकेबाहरा पर कार्रवाई की है। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### गच्चा खेल रहे युवकों के बीच विवाद, 7 गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र में गुरुवार को गच्चा खेल के दौरान विवाद और गाली गलौज का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 15 में गच्चा नामक खेल में पैसों का दांव लगाया जा रहा था। इसी दौरान जमकर झगड़ा शुरू हो गया। खेल में शामिल लोग लगातार गाली-गलौच भी कर रहे थे, जिसकी वजह से मोहल्ले के निवासी घंटों शर्मसार होते रहे। आखिर में किसी ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस के पहुंचने के बाद भी ये लोग गालियां देते रहे। उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं मानने पर पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस ने इस्तमाल खान (32), करन गोर्रा (19), शेख असरफ खान (26), इमरान खान (25), हबीब खान (32), तौफिक खान (22) और कमालउद्दीन कुरैशी (34) सभी निवासी बसना वार्ड नंबर 15 को धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### चार दिवसीय महालक्ष्मी पूजन तोषगांव में 20 से

**सरायपाली।** ग्राम पंचायत तोषगांव के डीपापारा में नवयुवक मां लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा चार दिवसीय महालक्ष्मी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 20 दिसंबर को रात्रि 9 बजे से डीजे डांस प्रतियोगिता मेगा मुकाबला हिंदी, छत्तीसगढ़ी और ओड़िया गीत-संगीत का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का दूसरा वर्ष का आगाज होगा। इस प्रतियोगिता में सामूहिक युगल एवं एकल नृत्य तीनों प्रकार के नृत्य कलाओं की प्रस्तुति होंगे। जिसमें सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार की राशि 10 हजार रुपए सरपंच पदमिनी महेंद्र विशाल एवं जितेंद्र विशाल द्वारा स्वर्गीय साधुराम विशाल की स्मृति में, द्वितीय पुरस्कार 6 हजार रुपए शोभा दिलीप बेहरा द्वारा स्वर्गीय भास्कर-यशोवंती बेहरा की स्मृति, तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए उपसरपंच मीनाक्षी रमा राजेंद्र सिंह सिदार द्वारा स्व पुनीतलाल-सावित्री देवी सिदार की स्मृति, चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार रुपए पंच प्रकाश भोई द्वारा स्व चतुर्भुज भोई की स्मृति, पंचम पुरस्कार 2 हजार रुपए मोहित रौतिया प्राधिकृत अध्यक्ष सोसायटी तोषगांव द्वारा षष्ठम पुरस्कार 1 हजार रुपए लोकेश बगर्ती द्वारा स्व जगन्नाथ बगर्ती की स्मृति में प्रदान किया जाएगा।



# अधिकारी-कर्मचारी जनता से अच्छा व्यवहार करें : संपत

### प्रथम नगर आगमन पर विधायक अग्रवाल का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

बसना विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल के प्रथम नगर आगमन पर लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान संपत अग्रवाल कमीशनखोरी को लेकर बड़ी बात कही। साथ ही उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को आम जनता से अच्छा व्यवहार बनाकर चलने की चेतावनी भी दी। प्रथम नगर आगमन पर लोगों ने नवनिर्वाचित विधायक का जगह-जगह आतिशबाजी के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं सिटी सिनेमा के संचालक आकाश खैरानी द्वारा लड्डू से तौल कर विधायक का स्वागत किया।

कलार समाज ने विधायक संपत अग्रवाल का जोशीला स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने शहीद वीर नारायण चौक में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे बसना विधानसभा के मतदाता ही मेरा परिवार है। मुझे जीत दिलाकर विधानसभा तक भेजें हैं इसके लिए मैं बसना विधानसभा के सभी मतदाताओं का आभारी हूं। आज से बसना विधानसभा में कमीशनखोरी नहीं होगी। अधिकारी-कर्मचारियों को भी सख्त हिदायत है कि लोगों से भाईचारा बनाकर चलें और उनका काम सहजता के साथ करें, नहीं तो कार्रवाई होगी, इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।




**पिथौरा।** नगर के मुख्य मार्ग में नगर पंचायत के समीप स्थित दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम हेमंत नंदनवार के निर्देशन व नगर पंचायत के मुख्य अधिकारी महेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में पूरी टीम अवैध अतिक्रमण को हटा रही है। इस दौरान एक रसूखदार व्यक्ति अतिक्रमण भी हटाया गया।

# पीएम आवास के फैसले को बताया ऐतिहासिक गरीबों के घर का सपना होगा साकार: सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी दी है। 2018 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार बनते ही प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास को बनने से रोक दिया था, जिससे प्रदेश के लाखों गरीब परिवार को आवास से वंचित होना पड़ा था, किसी का एक किस्त तो किसी का दो किस्त मिलने के बाद अगले किस्त की राशि के लिए 5 साल तक दर दर भटकते रहे। परन्तु, अधूरे आवास की राशि नहीं मिल पाई और न ही नए पीएम आवास की मंजूरी मिल पाई। समूचे प्रदेश में भूपेश सरकार द्वारा सभी मूलभूत कार्य, बिजली, सड़क, पानी, पुल पुलिया के सभी विकास कार्य पर रोक लगा दिया गया था। लेकिन छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब साय कैबिनेट के इस फैसले को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने ऐतिहासिक बताया है।



श्रीमती कोसरिया ने कहा कि प्रदेश के गरीबों के घर का सपना अब साकार होगा। विगत 5 साल से विकास की बांट जोह रहे प्रदेश के हर विधानसभा एवं अंतिम छोर में बसे गांव में अब विकास की गंगा बहेगी। फिर से छत्तीसगढ़ अग्रणी एवं विकसित राज्यों की गिनती में रहेगी क्योंकि, छत्तीसगढ़ को भाजपा ने ही बनाया है और भाजपा ही संवारेगी।

भाजपा की कथनी करनी को एक बताते हुए सरला कोसरिया ने कहा कि भाजपा का वादा था शपथ ग्रहण करते ही गरीबों का आवास तत्काल स्वीकृत किया जाएगा। प्रदेश के हर गरीब के लिए अपना घर भाजपा का संकल्प है और इसे भाजपा ने पूरा किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैबिनेट की प्रथम बैठक के दौरान ही 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देकर गरीबों का सपना पूरा किया है।

# डाककर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

राज्य में नए सरकार बनने के बाद धरना प्रदर्शन, हड़ताल करने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ में डाक कर्मी 12 दिसंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड में डाक कर्मी धरना, प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे ब्लॉक स्तर की 9 शाखा में ताला जड़ा हुआ है। विकासखंड के अधिकांश गांव वनांचल क्षेत्र से घिरे हुए हैं।

उप डाकघर मगरलोड अंतर्गत 70 गांव डाककर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से काफी प्रभावित हो रहा है। डाककर्मी की हड़ताल में चले जाने से सुकन्या योजना, एटीएम कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि, डाक, चिट्ठी पत्रिका सहित आवश्यक कागजात वितरण लेन-देन कार्य ठप हो गया है। मगरलोड उप डाकघर से जीवनलाल साहू, त्रिभुवन साहू, रामप्रसाद साहू, दिनेश साहू, भोजराम, पवन साहू, धनेश्वर साहू, डिगेश्वर साहू, अन्नू ध्रुव, चम्मन लाल सिन्हा, देवराज सेन, यादराम पटेल, महेंद्र यादव, माधव राम साहू सहित अन्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।



# भागवत महापुराण को कहा गया वेदों का सार : तिवारी

### शंकर नगर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्थानीय शंकर नगर वार्ड 01 में गुरुवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कथास्थल शंकर नगर से महामाया मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर नगर का भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए थे। श्रीमद्भागवत महापुराण के पूजन के पश्चात वेदमंत्रों के उच्चारण के



साथ कथा शुरू हुई। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के भगवताचार्य भानपुर बागबाहरा वाले पं धनंजय तिवारी ने प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता बताते हुए कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। भागवत महापुराण यह उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है। इसीलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन समस्त वार्डवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।



### मुख्य बाजार वार्ड में साफ-सफाई अभियान

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद सफाई कर्मचारियों के साथ वार्ड पार्षद मनीष शर्मा ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मुख्य बाजार वार्ड में सफाई करवाया। इस दौरान पार्षद शर्मा ने कहा कि शहर को साफ सुथरा रखने की उनकी कवायद के तहत समय-समय पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लोगों से अपील भी की जा रही है कि खुले में कचरा न फेंकने और प्लास्टिक के उपयोग से परहेज करने का संदेश दिया जाए। उन्होंने कहा कि फेंके गए प्लास्टिक नालियों में जाकर जम जाते हैं और ब्लॉकेज का कारण बनते हैं। इसके कारण मोहल्ले के लोगों को ही परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# भाजपा ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाकर जनजाति समाज का गौरव व सम्मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बनाकर भाजपा ने जनजाति समाज का गौरव व सम्मान बढ़ाया है। खल्लारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अलका चंद्राकर ने आदिवासी छात्रावास जाकर आदिवासी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

बागबाहरा नगर में स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या एवं बालक छात्रावास में अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर आदिवासी मुख्यमंत्री बनने पर बच्चों को बधाई देते हुए अलका ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जिन्होंने सभी समाजों का सम्मान किया। भारत के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया और 2023 विधानसभा चुनाव उपरांत छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बनाकर जनजाति समाज का गौरव सम्मान स्वाभिमान बढ़ाया। अलका ने कहा कि अटल ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया है, जिसे रमन सरकार ने 15 वर्षों तक सजाया संवारा। बीच के काल अवधि में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को एक अपराध गढ़, भ्रष्टाचार माफियागढ़ बना दिया था, जिसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ को विकास के रास्ते पर मोदी की गारंटी के साथ धरातल पर लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अब छत्तीसगढ़ में सुशासन का सेवा विकास का वातावरण बनने लगा है।



इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज चंद्राकर, संजय मालवीय, भोजराज देवांगन, जानवी साहू, आबिद कुरैशी, अंजोर सिंह ठाकुर, मोहन सागर, नारायण टांडी आदि उपस्थित रहे।

### खुंटाघाट पहुंचे छात्राध्यापक

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय के बीएड, पीजीडीसीए, डीसीए, बीए, बीएससी बायो के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए महासमुंद से 180 किमी दूर खुंटाघाट एवं महामाया मंदिर रतनपुर पहुंचे। जहां सभी छात्र/छात्राओं को उस जगह एवं उससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रभारी प्राचार्य अंकिता चंद्राकर ने दी। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकगणों ने भ्रमण का आनंद उठाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य अंकिता चंद्राकर, प्राध्यापकगण में निर्मल बंजारे, कांति साहू उपस्थित रहे।



### परसाडीह में मनाया गया शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस

**महासमुंद।** ग्राम परसाडीह में शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों व ग्रामीणों ने शहीद वीर नारायण को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रामाकांत ध्रुव सभापति जनपद पंचायत महासमुंद एवं उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद प्रतिनिधि राधेश्याम ध्रुव, पूर्व सरपंच लहंगर राधेलाल सिन्हा, गौतम मरावी, जयलाल ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव पूर्व सरपंच परसाडीह, मनराखन ठाकुर, रूप सिंह ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य, वीरेंद्र ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### साय को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने फिर बढ़ाया आदिवासियों का सम्मान



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाकर जो कीर्तिमान स्थापित किया है, उसके लिए भाजपा मंडल महामंत्री सरायपाली प्रमोद कुमार सागर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि छत्तीसगढ़ में सरल, सहज व शालीनता के प्रतीक माने जाने वाले आदिवासी जननायक विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने पर प्रसन्नता व खुशी जताते हुए केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक सच्चे जनसेवक, जमीन से जुड़े हुए निष्ठावान, आदिवासी व छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर आदिवासी समाज ही नहीं पूरा छत्तीसगढ़वासी गौरान्वित है, जिससे पूरे प्रदेश में खुशी एवं हर्ष व्याप्त है। भाजपा ने देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया और अब छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर आदिवासी समुदाय का सम्मान बढ़ाया है। भाजपा का लक्ष्य हमेशा सर्वोपरि है, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के उद्देश्य को लेकर ही काम करती है और भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों के हित के लिए सदैव तत्पर रहती है। सागर ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ एक नए कीर्तिमान स्थापित कर नित-नई उंचाईयों को छूते हुए विकास की ओर अग्रसर होगा।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए घर-घर निमंत्रण देने पहुचेंगे कार्यकर्ता

**महासमुंद।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस अभूतपूर्व राष्ट्रीय अभियान में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता हो इस दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक, राम मंदिर जागरण अभियान तुमगांव सिरपुर मंडल खंड की महत्वपूर्ण बैठक नगर पंचायत तुमगांव के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। इस अवसर पर अतिथियों व वरिष्ठजनों ने बताया कि राम जन्मभूमि पर प्रत्येक भक्तों के 482 वर्षों का अनवरत संघर्ष एवं रामभक्तों के अप्रतिम त्याग और बलिदान का परिणाम स्वरूप पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन प्रभु रामजी के बाल रूप को नवीन मंदिर के गर्भ गृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसी को लेकर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक तुमगांव सिरपुर मंडल नगर में राम टोली द्वारा प्रभात फेरी कर राम भजन कीर्तन गान करते हुए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक घर जाकर राम टोली के सदस्यों द्वारा सभी से संपर्क किया जाएगा। सभी को पूजित अक्षत व राम मंदिर अयोध्या का लेमिनेटेड प्रभु रामजी का चित्र प्रदान कर निमंत्रण दिया जाएगा। तुमगांव सिरपुर मंडल खंड में हिंदू समाज 22 जनवरी को प्रातः से लेकर शाम तक अपने अपने ग्राम नगर मोहल्ला कालोनी में स्थित किसी भी मंदिर को सजा कर भजन कीर्तन पूजा अर्चना, रामसत्ता, रामायण कराएंगे। दीपावली पर्व जैसे ही घरों के बाहर रंगोली व दीप प्रज्वलित की जाएगी। घरों में भगवा ध्वज लगाने तथा राममय माहौल बनाने की अपील की गई। यह जानकारी जय मां शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने दी है।



घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर: सीएमडी प्लाजा, मंगला चौक, रानी लक्ष्मी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

16122023-Mas-03_Layout 1 12/15/2023 9:42 PM Page 1



























# विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

## ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं नगरीय निकाय के लिए अपर कलेक्टर वर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। महासमुंद जिले में ग्राम खरोरा से यात्रा की शुरुआत होगी। कलेक्टर प्रभात मलिक ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व और यात्रा के दिन किए जाने वाले गतिविधियों की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और लोगों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में 7 वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कलेक्टर ने यात्रा की सफलता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं नगरीय निकायों के लिए अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। बैठक में सीईओ एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा सहित संबंधित विभाग के जिला अधिकारी मौजूद थे।

प्रचार-प्रसार वैन विभिन्न गांवों में जाकर कैम्प के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने यात्रा के लिए रूट चार्ट तैयार करते समय हाट बाजारों को जोड़ने क निर्देश दिए है। साथ ही स्थानीय मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि जिले में पांच स्थानों से यात्रा प्रारंभ की जाएगी। जिसमें महासमुंद अंतर्गत खरोरा, बागबाहरा अंतर्गत मोंगरापाली, पिथौरा में लाखागढ़, बसना में बंसुला एवं सरायपाली में ग्राम बैतारी से यात्रा का शुभारंभ होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस दौरान विभागीय स्टाल में योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड निर्माण सहित अन्य योजना की जानकारी देकर लाभान्वितों से चर्चा कर योजनाओं की सफलता के संदर्भ में मेरी कहानी मेरी जुबानी बताई जाएगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम में जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर समिति का निर्माण, स्थानीय हितग्राहियों की भागीदारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्वसहायता समूह, ग्राम संगठन का मोबिलाइजेशन, कृषि गतिविधियों पर सत्र का आयोजन, प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करना, योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना तथा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्सव समिति एवं स्वागत समिति भी बनाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे- स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं/मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाने के लिए जागरुकता सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि, समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाया जा सके। जिले में जिला स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है।

### नई चेतना जेंडर अभियान 2.0 का आयोजन 23 दिसंबर तक

**महासमुंद।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार जेंडर आधारित हिंसा तथा भेदभाव के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर नई चेतना जेंडर अभियान 2.0 का आयोजन 4 से 23 दिसंबर तक जिले के समस्त विकासखंड में आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिला स्तर पर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक द्वारा लाइन डिपार्टमेंट को समस्त पंचायतों जेंडर आधारित गतिविधियों के आयोजन किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने स्व सहायता समूह, ग्राम संगठन, संकुल संगठन स्तर पर बैठक के माध्यम से जागरुकता, रैली, रंगोली, परिचर्चा के माध्यम से जीवन के विभिन्न चरणों मे जेंडर आधारित हिंसा को समझना और सुरक्षित निवारण को मजबूत करने के लिए अभिसरण पर ध्यान केंद्रित करने निर्देशित किया गया है। इस दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा जेंडर समानता के लिए शपथ लिया गया।

## खबर संक्षेप



### सरदार पटेल को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, शकुन चंद्राकर,जय चंद्राकर, मिथिला चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, बबली चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### परकोम में राज्य स्तरीय रामायण मेला आज से

**नर्रा।** ग्राम परकोम में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य रामायण सम्मेलन 16 व 17 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छग प्रदेश के आमंत्रित 14 मानस मंडली हिस्सा लेंगे। आयोजक समिति के संरक्षक चिंतामणी चंद्राकर सरपंच, अध्यक्ष खेमराज पटेल, उपाध्यक्ष ताम्रध्वज ठाकुर, परमेशवर चौधरी, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल पटेल, राजू पटेल, सचिव भोजराज पटेल, अश्वत दीवान, सलाहकार चंद्र कुमार पटेल, मुकेश चंद्रवंशी, टंकेश निर्मलकर, लोकेश पटेल आदि ने बताया कि यह कार्यक्रम दसवां वर्ष है। उन्होंने इस क्षेत्र के श्रोताओं व मानस प्रेमियों को बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### एक्सीडेंट में घायल महिला की मौत

**महासमुंद।** एक्सीडेंट के बाद इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती महिला उमाबाई पति सेवकराम (49 साल) निवासी सरकड़ा (पिथौरा) की मौत हो गई। पिथौरा पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की है।

# आवास को छोड़ बाकी घोषणाएं पांच साल में पूरा करने की बात प्रदेशवासियों के साथ विश्वासघात : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**किसानों को धान का 3100 रुपए तथा महिलाओं को 12000 शीघ्र दें भाजपा सरकार**

छत्तीसगढ़ में साय कैबिनेट की प्रथम बैठक में केवल आवास की स्वीकृति तथा भाजपा की घोषणा पत्र में किए बाकी वादों को पांच साल में पूरा करने के निर्णय की कड़ी निंदा करते हुए पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ के जनता को फिर ठगने का आरोप लगाया है।



पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि 18 लाख आवासों में से आधे से अधिक आवास भूपेश बघेल की सरकार ने स्वीकृत कर पहले ही राशि जारी कर दी है। साथ ही सरकार बनते ही किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल ( एकमुश्त) धान का समर्थन मूल्य देने की बात भाजपा ने कही थी, भूमिहीन मजदूरों को भी सरकार बनते ही 10000 रुपए सालाना देने की बात भाजपा ने कही थी, छत्तीसगढ़ के प्रत्येक महिलाओं को भी इसी वर्ष से 12000 रुपए प्रति वर्ष देने की बात कही थी, 21 क्विंटल धान खरीदी की बात कही थी। साथ ही वे सभी वादे जो चुनाव के पूर्व भाजपा ने छत्तीसगढ़ की जनता से किया था उसे सरकार बनते ही पूरा करने की घोषणा किया था। लेकिन, अब 5 वर्ष में पूरा करने की बात दोहरापन को दर्शाता है। कैबिनेट की बैठक में केवल एक ही एजेंडे पर मुहर लगना दुर्भाग्य की बात है।

भूपेश बघेल की सरकार ने सरकार बनते ही 2 घंटे के अंदर किसानों का कर्जमाफी किया था। साथ ही 2500 रुपए धान की समर्थन मूल्य देने का कार्य किया था। अब भाजपा सरकार 5 वर्ष में पूरा करने की बात कर छत्तीसगढ़वासियों को ठग रहे हैं। डबल इंजन वाली सरकार का दोनों इंजन पहले ही दौड़ में हांफता दिखाई दे रहा है।







